# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Pre Diwali Celebration

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 20-10-2022**

# प्री दीपावली उत्सव में पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने लिया भाग

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने इस उत्सव के लिए मेन्यू तैयार कर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार के मीठे व नमकीन व्यंजन उपलब्ध कराए गए। इनमें डोनट्स, शाही टुकड़ा, कुकीज, नारियल बर्फी, स्टफ्ड ब्रेड, काकटेल समोसा, मसाला चाय और केसर बादाम दूध शामिल रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस तरह के आयोजनों को विभिन्न सहभागियों के बीच आपसी संवाद के लिए उपयोगी बताया।



इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार को विद्यार्थियों ने उत्सव के बारे में विस्तार से बताया। कुलसिचव ने इस आयोजन के लिए विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में संचार कौशल, सहयोग कौशल, समस्या समाधान कौशल, व्यक्तिगत प्रबंधन, रचनात्मकता का विकास करने में मदद मिलती है। विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. रणबीर सिंह ने बताया कि इस उत्सव के लिए विद्यार्थियों को उत्पादन, बिक्री व विपणन और संचालन टीम नाम से तीन टीमों में बांटा गया था। विभाग के सहायक आचार्य डा. अमित कुमार के मार्गदर्शन में मेन्यू निर्धारण, कच्चा माल खरीदना, व्यंजन बनाना व परोसने आदि का सभी कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने ही किए। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को यह अवसर उपलब्ध कराने का उद्देश्य उनमें उद्यमशीलता और प्रबंधकीय कौशल का विकास करना है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 20-10-2022**

## केंद्रीय विश्वविद्यालय में मनाया गया प्री-दिवाली उत्सव

**महेंद्रगढ़** | हकेवि महेंद्रगढ़ में दीवाली उत्सव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने इस उत्सव हेतु मेन्यू तैयार कर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार के मीठे व नमकीन व्यंजन उपलब्ध कराए गए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस तरह के आयोजनों को विभिन्न सहभागियों के बीच आपसी संवाद हेतु उपयोगी बताया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार को विद्यार्थियों ने उत्सव के बारे में विस्तार से बताया। कुलसचिव ने इस आयोजन के लिए विभाग के प्रयासों की सराहना की। पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि इस उत्सव के लिए विद्यार्थियों को उत्पादन, बिक्री व विपणन और संचालन टीम नाम से तीन टीमों में बांटा गया था। विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार के मार्गदर्शन में सभी कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ही किए गए।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 20-10-2022**

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्री दीवाली उत्सव आयोजित

महेंद्रगढ़, 19 अक्तूबर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में दीवाली उत्सव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने इस उत्सव हेतु मैनू तैयार कर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार के मीठे व नमकीन व्यंजन उपलब्ध करवाए गए। इनमें डोनट्स, शाही टुकड़ा, कुकीज, नारियल बर्फी, स्टफड ब्रैड, कॉकटेल समोसा, मसाला चाय और केसर बादाम दूध शामिल रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस तरह के आयोजनों को विभिन्न सहभागियों के बीच आपसी संवाद हेतु उपयोगी बताया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार को विद्यार्थियों ने उत्सव के बारे में विस्तार से बताया। कुलसिचव ने इस आयोजन के लिए विभाग के प्रयासों की सराहना की। विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि इस उत्सव के लिए विद्यार्थियों को उत्पादन, बिक्री व विपणन और संचालन टीम नाम से 3 टीमों में बांटा गया था।

विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार के मार्गदर्शन में मैनू निर्धारण, कच्चा माल खरीदना, व्यंजन बनाना व परोसने आदि का सभी कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ही किए गए। विद्यार्थियों को यह अवसर उपलब्ध करवाने का उद्देश्य उनमें उद्यमशीलता और प्रबंधकीय कौशल का विकास करना है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 20-10-2022**

# प्री दिवाली में लिया व्यंजनों का जायका

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग ने मनाया उत्सव



संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को दीवाली उत्सव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के मीठे व नमकीन व्यंजन उपलब्ध कराए गए।

शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शाही टुकड़ा, कुकीज, नारियल बर्फी, स्टफड ब्रेड, कॉकटेल समोसा, मसाला चाय और केसर बादाम दूध का आनंद लिया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस तरह के आयोजनों को विभिन्न सहभागियों के बीच आपसी संवाद हेतु उपयोगी बताया।

इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार को विद्यार्थियों ने उत्सव के बारे में विस्तार से बताया। विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि इस उत्सव के लिए विद्यार्थियों को उत्पादन, बिक्री व विपणन और संचालन टीम नाम से तीन टीमों में बांटा गया था।

उन्होंने बताया कि विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार के मार्गदर्शन में मेन्यू निर्धारण, कच्चा माल खरीदना, व्यंजन बनाना व परोसने आदि का सभी कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ही किए गए। विद्यार्थियों को यह अवसर उपलब्ध कराने का उद्देश्य उनमें उद्यमशीलता और प्रबंधकीय कौशल का विकास करना है।